प्रादेशिक समाचार

दिनांक–12.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड मंत्रिपरिषद ने लिए अहम फैसले, बैठक में उत्पाद सिपाही भर्ती, उर्जा, जलसंसाधन, पंचायती राज विभाग समेत कुल 31 प्रस्तावों को मिली मंजूरी।
- आगामी पर्व–त्योहारों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उच्चस्तरीय बैठक, राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश।
- स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने 166 नवनियुक्त कर्मियों को सौंपे नियुक्ति पत्र, कहा –राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में होगा बड़ा बदलाव ।
- हजारीबाग जिले में एनटीपीसी डीजीएम की हत्या के बाद कोयला रैक परिचालन ठप्प, राजस्व में करोड़ों का नुकसान।
- झारखंड में हीटवेव की चेतावनी, 14 से 16 मार्च के बीच दक्षिण–पूर्व और उत्तर–पश्चिमी जिलों में भीषण गर्मी की संभावना, मौसम विभाग ने सतर्क रहने की दी सलाह।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में उत्पाद सिपाही भर्ती, उर्जा, जलसंसाधन, पंचायती राज विभाग समेत कुल 31 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में भगवान बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी में भगवान बिरसा मुंडा की 9 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में झारखंड पुलिस, गृह रक्षा वाहिनी और उत्पाद सिपाही संयुक्त भर्ती नियमावली 2025 को मंजूरी दी गई। जिसके अंतर्गत अभ्यर्थियों को दस किलोमीटर की जगह 1600 मीटर की दौड़ छह मिनट में पूरी करनी होगी।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आगामी पर्व–त्योहारों के मद्देनजर विधि व्यवस्था को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाने और अपराधमुक्त माहौल सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी निगरानी रखने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

******************

इधर पश्चिमी सिंहभूम जिले में भी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने त्योहारों के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर बैठक की। सभी थानाध्यक्षों और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉकटर इरफान अंसारी ने 166 नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मौके पर स्वास्थ मंत्री ने कहा कि जल्द ही राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव होगा । उन्होंने कहा कि झारखंड में दस हजार नई भर्तियां होंगी और रिटायर्ड डॉक्टरों की भी सेवा ली जाएगी। साथ ही राज्य में एआई टेक्नोलॉजी और रोबोटिक सर्जरी से इलाज की सुविधा बढ़ाने की तैयारी हो रही है।

******************

हजारीबाग जिले में एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या के बाद कोयला रैक परिचालन पिछले चार दिनों से बंद है। एनटीपीसी कर्मी सुरक्षा व्यवस्था, दोषियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार के लिए मुआवजा और नौकरी की मांग कर रहे हैं। नेफी अध्यक्ष कमला राम रजक ने बताया कि इस घटना से कोयला आपूर्ति ठप हो गई है जिससे रेलवे को बड़ा राजस्व का नुकसान हो रहा है।

*****************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि मतदाता पहचान पत्र से संबंधित लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। उन्होंने एनजीएसपी पोर्टल पर लंबित शिकायतों के त्वरित समाधान पर जोर दिया। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

*****************

लातेहार जिले में युवाओं को कौशल विकास योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता—

*****************

विशाखापत्तनम—पटना विशेष यात्री गाड़ी 16 मार्च से हटिया, रांची, मुरी, बोकारो होकर तीन फेरे में चलेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे ने इसकी समय—सारणी जारी कर यात्रियों को अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

खूंटी जिले में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर डेढ़ किलो अफीम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों ने अफीम की खरीद—बिक्री और तस्करी से जुड़े अन्य नेटवर्क की जानकारी दी है।

गिरिडीह जिले के सम्मेद शिखर पारसनाथ पर्वत पर स्वामित्व विवाद को लेकर आदिवासी संगठनों ने आज मधुबन में प्रतिरोध मार्च निकाला। मरांग बुरु जुग जाहर थान संगठन के बैनर तले आदिवासियों ने पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन किया और पशु बलि को अपनी पूजा पद्धति का हिस्सा बताया।

*****************

झारखंड में अगले कुछ दिनों में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार होली के दौरान झारखंड के विभिन्न जिलों में अधिकतम तापमान 36 से 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 14 से 16 मार्च के बीच दक्षिण—पूर्व और उत्तर—पश्चिमी जिलों में हीटवेव की स्थिति रह सकती है।

*****************

15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का फाइनल मुकाबला हरियाणा के पंचकूला स्थित ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जा रहा है। खिताबी भिड़ंत गत विजेता हरियाणा और झारखंड के बीच जारी है।

******समाप्त***********